Aajtak

UPSC to reduce age limit for general aspirants

ऐसी संभावना जताई जा रही है कि देश में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित कराने वाला संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) कुछ बड़े फैसले लेने जा रहा है. अब परीक्षा देने की अधिकतम उम्र सीमा को 32 से घटाकर 26 करने की तैयारी हो रही है. ET के अनुसार.

गौरतलब है कि उम्र सीमा में तब्दीली सिर्फ सामान्य कैटेगरी के कैंडिडेट्स के लिए संभावित है. अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए अधिकतम उम्रसीमा 37 में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा. अब तक सामान्य वर्ग के कैंडिडेट्स के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 21 और अधिकतम उम्र सीमा 32 वर्ष थी. हालांकि सूत्रों का कहना है कि न्यूनतम उम्र सीमा में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा.

हम आपको बताते चलें कि पिछले वर्ष अगस्त माह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पैनल गठन के आदेश दिए थे ताकि वे सिविल परीक्षाओं की पूरी व्यवस्था में सुधार ला सकें. इस पैनल की अध्यक्षता पूर्व शिक्षा सचिव बीएस बसवान कर रहे हैं. वे इसके बाबत जल्द ही रिपोर्ट सौंपने वाले हैं. सूत्रों के अनुसार इस निर्णय पर जल्द ही आधिकारिक मुहर लग जाएगी. केन्द्र सरकार इस मामले में अंतिम निर्णय लेगी.

हर साल UPSC इन परीक्षाओं को आयोजित करवाता है. इस अखिल भारतीय परीक्षा में सफल कैंडिडेट IAS, IFS, IPS और IRS समेत तमाम प्रशासनिक सेवाओं में शामिल होकर देश की नौकरशाही और व्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाने की यथाशक्ति कोशिश करते हैं.